राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)

पुलिस लाईन कैम्पस टिकरापारा रायपुर
टेलीफोन नं. 0771–3501122, फैक्स नं. 0771–3501121, ईमेल **director-sfsl@cg.gov.in**

क्रमांक/रान्याविप्र/राय/भर्ती एवं चयन/ M-4360 /2025 रायपुर दिनांक 29-08-2025

//भर्ती विज्ञापन //

छ0ग0 शासन, गृह (पुलिस) विभाग के पत्र क्रमांक ESTB/1952/2025-STATE FSL SECTION दिनांक 18.07.2025 के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के स्वीकृत सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने की अनुमति प्रदाय की गयी है।

अतः शासन के निर्देशानुसार राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं हेतु छत्तीसगढ़ राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2007 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 11.11.2022 के प्रावधान अनुसार इस विभाग के निम्नांकित चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर के वेबसाईट https://fsl.cg.nic.in/ पर आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान (7 वें वेतनमान अनुसार)

1	प्रयोगशाला परिचारक	–	25 पद (बेसिक 18000/– वेतन मैट्रिक्स लेवल–3)
2	विसरा कटर	–	11 पद (बेसिक 15600/– वेतन मैट्रिक्स लेवल–1)
3	बोन कटर	–	3 पद (बेसिक 15600/– वेतन मैट्रिक्स लेवल–1)

2. रिक्त पदों का विवरण :–

1. प्रयोगशाला परिचारक						**(चतुर्थ श्रेणी)**
क्र	वर्ग	कुल रिक्त पद	पदों पर आरक्षण			
			मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूपूसै
1	अनारक्षित	**11**	6	3	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगो के लिए आरक्षित पद 01 (OL/OH) UR	2
2	अनुसूचित जाति	**3**	3	0		0
3	अनुसूचित जनजाति	**7**	4	2		1
4	अपिव(क्रीमीलेयर को छोड़कर)	**4**	3	1		0
	योग	**25**	**16**	**06**	**01**	**3**
2. विसरा कटर						**(चतुर्थ श्रेणी)**
क्र	वर्ग	कुल रिक्त पद	पदों पर आरक्षण			
			मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूपूसै
1	अनारक्षित	**5**	3	1	0	1
2	अनुसूचित जाति	**2**	2	0	0	0
3	अनुसूचित जनजाति	**3**	3	0	0	0
4	अपिव(क्रीमीलेयर को छोड़कर)	**1**	1	0	0	0
	योग	**11**	**09**	**1**	**0**	**1**

3. बोन कटर			(चतुर्थ श्रेणी)			
क्र	वर्ग	कुल रिक्त पद	पदों पर आरक्षण			
			मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूपूसै
1	अनारक्षित	1	1	0	0	0
2	अनुसूचित जाति	0	0	0	0	0
3	अनुसूचित जनजाति	1	1	0	0	0
4	अपिव(क्रीमीलेयर को छोड़कर)	1	1	0	0	0
योग		**3**	**3**	**0**	**0**	**0**

3. अनिवार्य अर्हताएं :–

1. प्रयोगशाला परिचारक हेतु अनिवार्य अर्हताएं :– 10 +2 शिक्षा प्रणाली में हाईस्कुल/कक्षा 10 विज्ञान सहित उत्तीर्ण होना चाहिए।
2. विसरा कटर हेतु अनिवार्य अर्हताएं :– कक्षा 8 वी. (मीडिल स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।)
   अधिकतम उच्चतर शैक्षणिक अर्हता :– उच्चतर माध्यमिक परीक्षा
3. बोन कटर हेतु अनिवार्य अर्हताएं :– कक्षा 8 वी. (मीडिल स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।)
   अधिकतम उच्चतर शैक्षणिक अर्हता :– उच्चतर माध्यमिक परीक्षा

4. आयुसीमा :–

अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2025 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के मूल/स्थानीय निवासियों को दिनांक 01.01.2025 की स्थिति में निर्धारित अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की अतिरिक्त छुट प्राप्त होगी अर्थात 40 वर्ष आयुसीमा की छूट होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर), महिलाओं, निशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिको को शासन के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयुसीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किंतु सभी देय छूट को मिलाकर उनकी अधिकतम आयुसीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

उच्चतर आयुसीमा के सबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देश भी लागु होंगे।

5. नियम एवं शर्तें :–

1. उक्त पदों पर चयन हेतु एक लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर द्वारा आयोजित की जावेगी। परीक्षा उपरांत मेरिट सूची जारी की जावेगी।
2. चयन हेतु पात्रता/अपात्रता के सबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
3. चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति के समय समस्त प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. यदि किसी भी आरक्षित अथवा अनारक्षित वर्ग में महिलाओं के लिए उपरोक्तानुसार आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन न होने से रिक्त रह जाते हैं तो ऐसे रिक्त पद अग्रणित नहीं किये जायेंगे, वरन उस प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिए आरक्षित है।
5. दिव्यांग एंव भूतपूर्व सैनिक के पद के विरूद्ध सामान्य अनुसूचित जाति, अनूसूचिज जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) में से जिस श्रेणी का आवेदक होगा उसे होरिजेंटल आरक्षण के कारण उस क्षेणी के अंतर्गत माना जायेगा।

6. विज्ञापित पद के कार्य की प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए दृष्टिबाधित दिव्यांग कृपया आवेदन न करें।
7. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है जिसमें एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसके विवाह के लिए निर्धारित न्युनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
9. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति छ0ग0 शासन के वित्त निर्देश 23/2023 दिनांक 12.09.2023 के निर्देशानुसार 03 वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर की जावेगी।
10. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थियों की उम्र अधिक होगी उन्हें वरीयता प्रदान की जावेगी।
11. निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन प्रारंभ होने के दिनांक से पूर्व ग्रहण किया गया होना चाहिए। आवेदन के दिनांक तक जीवित रोजगार पंजीयन होना अनिवार्य है।
12. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं एवं शर्तो को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदन अपनी अर्हता की जांच स्वंय कर ले।
13. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को चयन की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा।

6. महत्वपूर्ण टीप :–

1. विज्ञापित पदों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है, जिसके लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।
2. भर्ती की कार्यवाही एवं प्रक्रिया प्रशासकीय कारणों से कभी भी सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा सकेगा। इसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
3. लिखित परीक्षा हेतु उम्मीदवारों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा शहर/केन्द्र तक जाना होगा, इसके लिए यात्रा व्यय नहीं दिया जावेगा।
4. उपरोक्त रिक्त पदों पर नियुक्तियां एवं चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एस.एल.पी.(सी.) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी।
5. विज्ञापित पद हेतु आवेदन केवल आनलाईन ही स्वीकार किय जावेंगे किसी भी प्रकार के मैनुअल अथवा पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन मान्य नहीं किये जावेगें।
6. उपरोक्त पदों पर आनलाईन भरने हेतु तिथि एवं लिखित परीक्षा की तिथि के सबंध में पृथक में सूचना/नोटिफिकेशन विभाग की वेबसाईट https://fsl.cg.nic.in/ में अपलोड की जावेगी।

नोट :–

1. विभाग द्वारा आनलाईन आवेदन की तिथि, विधि एवं एडमिट कार्ड जारी करने के सबंध में तिथि तथा पदों हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा संबंधित तिथि पाठ्यक्रम की जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर के वेबसाईट https://fsl.cg.nic.in/ पर पृथक से उपलब्ध करायी जावेगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नियमित तौर पर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर के वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

TANDESH LAL CHANDRA

Digitally signed by TANDESH LAL CHANDRA
DN: c=IN, o=Personal, title=9791, 2.5.4.20=8223615af30028a7adccf7443463a54875252329ad1fe5e6bc21d7915285903b, postalCode=492001, st=Chhattisgarh, serialNumber=7613e7ca7286b2af937743fc28be6074c90305038a302faa9f92b6eb6c2299a5, cn=TANDESH LAL CHANDRA
Date: 2025.08.29 11:52:02 +05'30'

(डॉ. टी. एल. चन्द्रा)
प्रभारी संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर छ0ग0

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला,रायपुर(छ.ग.)

पुजारी पार्क,पुलिस लाईन कैम्पस,टिकरापारा रायपुर(छ.ग.)

//पाठ्यक्रम//

विसरा कटर/बोन कटर पद की परीक्षा हेतु पूर्णांक अंक 100

सामान्य अध्ययन

(100 अंको के कुल 100 प्रश्न)

1. भारत देश से संबंधित सामान्य ज्ञान।
2. छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन मे छत्तीसगढ़ का योगदान।
3. छत्तीसगढ़ का भूगोल,जलवायु भौतिक दशाएं,जनगणना,पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल।
4. छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था,वन एवं कृषि।
5. छत्तीसगढ का प्रशासनिक ढ़ाचा,स्थानीय शासन एवं पंचायती राज।
6. छत्तीसगढ में उद्योग,उर्जा,जल एवं खनिज संसाधन।
7. भारत एवं छत्तीसगढ की समसामयिक घटनाएं।

नोटः–

1. लिखित परीक्षा में निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार कुल 100 पूर्णांक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेगें।
2. लिखित परीक्षा अवधि 2 घंटे की होगी।
3. परीक्षा की तिथि,समय एवं परीक्षा केन्द्र का विवरण अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किये जाने वाले प्रवेश पत्र पर अंकित रहेगा।

———000———

Scanned with CamScanner

प्रयोगशाला परिचारक

पूर्णांक –100

कमांक	विषय
(1) रसायन –	कुल अंक –40
1.	**रसायनिक अभिकिया की दर एवं रसायनिक साम्य** – रासायनिक अभिकिया की दर का प्रारंभिक ज्ञान, तीव्र एवं मंद रासायनिक अभिकियाएँ, उत्कमणीय एवं अनुत्कमणीय रासायनिक अभिकियाएँ, रासायनिक साम्यगतिक प्रकम, अम्ल एवं क्षार, pH पैमाना (सरल आंकिक प्रश्न) उम्मक्षेपि एवं उष्माशोषि अभिकियाएँ।
2.	**कुल महत्वपूर्ण रासायनिक यौगिक** – गुण एवं उपयोग, बनाने की विधि उत्पादन (जल कपड़े धाने का सोडा, खने का सोडा, विरंजक चूर्ण एवं प्लारटर ऑफ पेरिस), भवन निर्माण संबंधी पदार्थ – चूना सीमेंट कांच एवं इस्पात।
3.	**धातुएं**– आवर्त सारणी मे धातुओं की स्थिति एवं सामान्य गुण । धातु, खनिज अयस्क, खनिज एव अयस्क मे अंतर।
4.	**धातु कर्म**– अयस्को का सांद्रण, निस्तापन, भर्जन, प्रगलन एवं शोधन। कॉपर एवं आयरन धातु का धातुकर्म। धातुओ का संरक्षण, मिश्र धातुएँ।
5.	**अधातुएँ**– आवर्त सारणी मे अधातुओ की स्थिति एवं सामान्य गुण, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन एव ऑक्सीजन की प्रयोगशाला विधि गुण एवं उपयोग।
6.	**कुछ महत्वपूर्ण काल्पनीक यौगिक**– ऐल्कोहल एवं एसिटिक अम्ल बनाने की प्रयोगशाला विधि, गुण एवं उपयोग, कुछ सामान्य कृत्रिम बहुलक, पॉलीथीन, पाली विनाइल क्लोराइड, टेफ्लान, साबुन एवं अपमार्जक।
7.	**उर्जा के स्त्रोत**– उर्जा के नवीन स्त्रोत एवं पारम्परिक स्त्रोत, सौर ऊर्जा का स्त्रोत, सूर्य मे उर्जा की उत्पत्ति के कारण सौर तापन युक्तियॉ, सोलर कुकर, सोलर सेल, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा, बायोगैस, जीवाश्म ईधन, आदर्श ईधन, आदर्श ईधन के गुणधर्म, नाभिकीय ऊर्जा नाभिकिय विखण्डन, संलयन, श्रृंखला अभिकया, नाभिकीय रिएक्टर, नाभिकीय ऊर्जा की लाभ व हानियॉ। केडा की सामान्य जानकारी।
(2) भौतिकी –	कुल अंक –20
8.	**प्रकाश** – प्रकाश की प्रकृति, प्रकाश का परावर्तन, परावर्तन के नियम, समतल एव वक सतह से परावर्तन, समतल, उत्तल एवं अवतल दर्पण द्वारा प्रतिबिम्ब रचना, फोकस दूरी तथा वकता त्रिज्या मे संबंध, एक पिन विधि द्वारा अवतल दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात करना, U-V-F मे संबंध।(आंकिक प्रश्न)
9.	**प्रकाश का अपवर्तन** – अपवर्तन के नियम, कॉच के गुटके द्वारा अपवर्तन, कातिक कोण , पूर्ण आंतरिक परावर्तन पूर्ण आंतरिक परावर्तन का दैनिक जीवन में उपयोग, लैंस (अभिसारी एवं अपसारी लैंस) परिभाषा, फोकस दूरी, प्रकाशित केन्द्र, लैंस द्वारा प्रतिबिम्ब रचना, मानव नेत्र इसके दोष एवं निराकरण तथा फोटो ग्राफिक कैमरे और मानव नेत्र में तुलना, सरल सूक्ष्मदर्शी तथा खगोलीय दूरदर्शी, बनावट, उपयोग, कार्यविधि किरण आरेख (सूत्र की स्थापना नही)
10	**विद्युत और इसके प्रभाव** – विद्युत तीव्रता, विभव–विभवातर, विद्युत धारा ओम का नियम प्रतिरोध, विशिष्ट प्रतिरोध, प्रभावित करने वाले कारक, प्रतिरोधो का संयोजन एवं इसके आंकिक प्रश्न। विद्युत धारा का उष्मीय प्रभाव, इसकी उपयोगिता, शक्ति एवं विद्युत ऊर्जा व्यय की गणना (आंकिक) विद्युत प्रयोग मे रखी जाने वाली सावधानियॉ। विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव, प्राथमिक, द्वितीयक सेल इनके गुण–दोष, लेकलांशी सेल, शुष्क सेल, सीसा संचायक सेल बनावट।

Scanned with CamScanner

11	विद्युत धारा के **चुम्बकीय प्रभाव** – विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव, ओस्टेड का प्रयोग, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण, विद्युत मोटर, जनित्र की कार्यप्रणाली, सिद्वांत एवं उपयोग। प्रत्यावर्ती धारा एवं दिष्ट धारा का सामान्य अध्ययन। गैसो में विद्युत विसर्जन, विसर्जन नलिका, कैथोड किरणे, X- किरणे एवं इनके गुणधर्म ।
12	**चुम्बकत्व** – चुम्बक एवं इसके प्रकार, कृत्रिम चुम्बक, चुम्बक बनाने की विधिया, चुम्बकत्व का आण्विक सिद्वांत, चुम्बकीय विनाश, चुम्बकीय रक्षक, चुम्बकीय बल रेखाएँ व उनके गुण तथा बल रेखाएँ खींचना।
(3) बायोलॉजी –	कुल अंक –40
13	**जन्तुपोषण** – पोषण के प्रकार स्वपोषी, विषमपोषी, मृतोपजीवी, प्रविसमभाजी तथा परजीवी। प्राणिसमभोजी, पोषण प्रकिया के प्रमुख पद। एक कोशिकीय जीव (अमीबा) एवं बहुकोशिकीय जीव (टिड्डा) मे पाचन। मनुष्य का पाचन तंत्र एवं पाचन प्रकिया।
14	**प्रकाश संश्लेषण** – परिभाषा प्रकिया के प्रमुख पद, प्रकाश अभिकिया एवं अंधकार अभिकिया प्रकाश संश्लेषण को प्रभावित करने वाले कारक एवं प्रकाश–संश्लेषण संबंधी प्रयोग।
15	**श्वसन** – परिभाषा जीव के श्वसन अंग श्वसन एवं श्यासोच्छवास श्वसन के प्रकार, ऑक्सी श्वसन एवं अनॉक्सी श्वसन, श्वसनतंत्र एवं श्वसन प्रकिया (सामान्य जानकारी, श्वसन गुणंक (R.Q.) कार्बोहाइड्रेट, वसा एवं प्रोटीन का ऑकसीकरण।
16	**परिवहन** – पौधो म जल एवं खनिज लवण का परिवहन जन्तुओं मे परिवहन (मानव के संदर्भ में) रूधिर की संरचना तथा कार्य हृदय की संरचना तथा कार्यविधि रूधिर वाहिनियों की संरचना तथा कार्य (प्रारंभिक ज्ञान) रूधिर का थक्का बनना, रूधिर समूह रूधिर आधान रूधिर बैंक लसीका तंत्र का कार्य हृदय से संबंधित रोग।
17	उत्सर्जन – पौधो में उत्सर्जन एवं उत्सर्जी पदार्थ जन्तुओ मे उत्सर्जन एवं उत्सजी अंग मानव मे उत्सर्जन तंत्र एवं उत्सर्जन प्रकिया (सामान्य जानकारी) कृत्रिम वृक्क (डायलिसिस), परासरण नियंत्रण, वृक्क से संबंधित रोग।
18	**नियंत्रण एवं समन्वय** – पौधों एवं जन्तुओ में समन्वय पादप हार्मोन, मनुष्य का तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क की संरचना एवं कार्य, मेरूरज्जू की संरचना एवं कार्य, प्रतिवर्ती किया, अंत स्त्रीवीग्रन्थियॉ हार्मोन एवं कार्य।
19	**प्रजनन एवं वृद्वि** – प्रजनन के प्रकार अलैगिक प्रजनन विखण्डन, मुकलन एवं पुनरूदभवन, कृत्रिम वर्धी प्रजनन स्तरीकरण, कलम लगाना, ग्राफ्टिंग अनिषेक प्रजनन, पौधो में लैगिक प्रजनन अंग (पुष्प) की संरचना एवं प्रजनन प्रकिया (सामान्य जानकारी) परागण निषेचन मानव प्रजनन तंत्र तथा प्रजनन प्रकिया (सामान्य जानकारी)।
20	**आनुवंशिकी एवं विकास** – आनुवंशिकी एवं भिन्नताएँ अनुवंशिकता का मूल आधार गुण सूत्र एवं DNA (प्रारंभिक जानकारी), जीन, लिंग निर्धारण, कार्बनिक विकास का प्रारंभिक ज्ञान (केवल ओपेरान का सिद्वांत)।
21	**हमारा पर्यावरण** – मृदा, जल, वायु, ध्वनि, प्रदुषण के कारण, रोकथाम एवं नियंत्रण, पारिस्थितिक संतुलन, प्राकृतिक संसाधन, नवीनीकृत, अनवीनीकृत संसाधनों का उपयोग एवं संरक्षण I, जल मृदा एवं वायु का संरक्षण ग्रीन हाऊस प्रभाव, अम्लीय वर्षा, ओजोनपर्त का क्षरण। बायोजिग्रेबल एवं नानबायोडिग्रेडबल पदार्थ।
22	**मृदा संरक्षण एवं प्रबंधन** – भूमि एवं मृदा, भूमि के नष्ट अथवा दूषित होने के कारण, मृदा कासंरक्षण–जैविक विधियॉ व यान्त्रिक विधियॉ जैव उर्वरकों एवज व कीटनाशकों का उपयोग, वन और वन प्रबंध, वन सुरक्षा के अन्य प्रबंध, वन प्रबंध हेतु सरकारी प्रयास, वन महोत्सव, सामाजिक वानिकी, संयुक्त वन प्रबंधन।
23	**जल संरक्षण** – जल संरक्षण हेतु उपाय, भारत में जल संसाधन प्रबध, जल संरक्षण प्रणालियॉ, उपरी छत से वर्षा जल संरक्षण, जलभरण (वाटरशेड) प्रबंधन, जलभरण (वाटरशेड), प्रबंध का महत्व एवं

Scanned with CamScanner

	विकास, वाटरशेड विकास कार्यक्रम के उपाय, सामाजिक, आर्थिक समस्याएँ, जलभरण (वाटरशेड) प्रणाली की आवश्यकता, आर्द्र भूमि, कच्छ वनस्पतियॉ और प्रवाल भित्तियॉ। **जैव विविधता का संरक्षण** – जैव विविधता का संरक्षण राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण, जैवमण्डल प्रारक्षण, खतरे मे पड़ी प्रजातियों के लिये प्रजनन योजनाएँ , भारत मे वन्य पशु संरक्षण, वन्य संरक्षण के राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास, प्रशासकीय स्तर पर प्रयास, छत्तीसगढ़ राज्य घोषित वन नीति, संसाधनो के संरक्षण हेतु जन जागृति, आदिवासी संस्कृति तथा वन संसाधनों एवं उनके संरक्षण से संबन्ध।
24	**प्रदुषण के प्रकार, स्त्रोत एवं प्रमुख प्रदुषक** – पर्यावरण प्रदुषण, प्रदुषक, वायु प्रदुषण–अर्थ परिभाषा, वायु प्रदूषक के सामान्य रूप, वायु प्रदूषण के प्रमुख कारण तथा इसके स्त्रोत। समुद्री प्रदुषण– परिभाषा, समुद्री प्रदुषणके प्रमुख कारण व इसके स्त्रोत। नाभिकीय अथवा रेडियोधर्मी, प्रदूषण– अर्थ एवं परिभाषा, नाभिकीय प्रदुषण के प्रमुख कारण एवं इसके स्त्रोत। **प्रदुषण के प्रभाव तथा नियंत्रण के उपाय** – वायु प्रदुषण के प्रभाव, वायु प्रदुषण नियंत्रण के उपाय, जल प्रदुषण का प्रभाव, जल प्रदुषण नियंत्रण के उपाय, समुद्री प्रदुषण नियंत्रण के उपाय, नाभिकीय अथवा रेडियोधर्मी प्रदुषण के प्रभाव एवं उपाय, ध्वनि या शोर प्रदुषण नियंत्रण के उपाय।
25	**आपदा प्रबंधन** – आपदा से तात्पर्य प्राकृतिक आपदाये, मानव जन्य अपदायें आपदा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन की दिशा मे सरकारी प्रयास, लोगो का पुनर्वासन तथा पुनर्स्थायीकरण, कृषि एवं समुद्री उत्पादकता मे गिरावट तथा अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव। **पर्यावरण समस्यायें** – प्रस्तावना, पर्यावरण समस्या– बढ़ता यांत्रिकीकरण व कल– कारखानो का बढ़ता प्रयोग, बढ़ती ऊर्जा खपत व ऊर्जा संकट, जनसंख्या विस्फोट, परमाणु ऊर्जा, भु–स्खलन, प्रजातियों का विलुप्तीकरण, जलवायु परिवर्तन, ओजोन स्तर का घटना, अम्लीय वर्षा, हरित पौधों पर प्रभाव तथा पृथ्वी का गर्म होना, भू–मण्डलीय तापन रोकने का उपाय। **अच्छे पर्यावरण निर्माण हेतु प्रयास** – अच्छे पर्यावरण निर्माण हेतु कियाकलाप, सूचना प्रौद्योगिकी पर्यावरण मे भूमिका,पर्यावरणीय जनजागृति कार्यक्रम, कुछ प्रमुख पर्यावरण संरक्षण प्रयासों से संबंधित जानकारियॉ जैसे (चिपको आंदोलन, आपरेशन CNG का उपयोग), पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, पर्यावरण कानून चालू करने में समस्यायें, जन जागरूकता, उपभोक्ता शिक्षा, भोज्य पदार्थ, भोज्य पदार्थ में मिलावट ज्ञात करने के कुछ तरीके, मिलावट का जन स्वास्थ्य पर प्रभाव, मिलावट की रोक थाम के प्रयास।

Scanned with CamScanner